नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से

# प्रदेश के भ्रष्ट पुलिस अफसरों के आगे सरकार भी लाचार

नीलेंद्र पटेल

**भोपाल, 21 अगस्त. जिस वर्दी को देखकर आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा होना चाहिए, उसी वर्दी के कुछ किरदार अब डर और शर्म का सबब बन रहे हैं. कहीं रिश्वत के लिए कानून को ताक पर रखा गया, कहीं वर्दी का रौब दिखाकर अवैध वसूली के आरोप लगे, तो कहीं मारपीट, यौन शोषण और पद के दुरुपयोग जैसे गंभीर मामलों में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी लिप्त मिले.**

आंकड़े बताते हैं-जनवरी 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच 329 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई. वहीं, इस साल अब तक अलग-अलग जिलों से 42 संगीन मामले सामने आ चुके हैं. इतना ही नहीं, प्रमोशन को लेकर हालिया हुई .रिव्यू डीपीसी में करीब 1000 पुलिसकर्मियों (एएसआई से इंस्पेक्टर तक) के खिलाफ विभागीय जांच पेंडिंग होना पाया गया. खाकी पर यह दाग बाहर के अपराधियों ने नहीं, बल्कि वर्दी के भीतर बैठे कुछ लोग ही लगा रहे हैं. पुलिसकर्मियों के खिलाफ लगातार दर्ज हो रहीं एफआईआर से महकमे के अनुशासन और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं. पुलिस के खिलाफ सामने आ रहे अपराधों पर नवभारत की विशेष रिपोर्ट...

**1** खाकी के भीतर छिपे गुनाहगार, वर्दी की साख को किया तार-तार

**2** भ्रष्टाचार, रिश्वत, यौन शोषण, और पद के दुरुपयोग ने पुलिस विभाग को किया शर्मसार

**3** जनवरी 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच 329 गंभीर धाराओं में हो चुकी एफआईआर

### सीएसपी नेहा पच्चीसिया सस्पेंड, ऑफिस सील



कटनी सीएसपी नेहा पच्चीसिया को निलंबित कर दिया गया है. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सीएसपी कार्यालय भी सीज किया गया है. कार्रवाई जमीन सौदे से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए की गई. मामला हत्या के आरोपी रमेश लोधी की कंहवारा स्थित जमीन से जुड़ा है. मामले में सीएसपी समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. नेहा के खिलाफ विभागीय जांच के साथ एसआईटी जांच भी शुरू की गई है. बता दें, बुधवार को कटनी की तत्कालीन सीएसपी नेहा पच्चीसिया पर आपराधिक षड्यंत्र, जबरन वसूली, धोखाधड़ी और पद के दुरुपयोग की एफआईआर दर्ज हुई थी. आरोप है कि उन्होंने हत्या के आरोपी रमेश लोधी की 82.86 लाख रुपए की जमीन 18.20 लाख रुपए में खरीदी.

### इस तरह के अपराधों ने वर्दी को दागदार किया

■ **दुष्कर्म का आरोप:** पीटीआरआई के एआईजी राजेश मिश्रा पर जयपुर की फैशन डिजाइनर ने फरवरी 2026 में दुष्कर्म और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया. मामले की जांच जारी है.

■ **दुष्कर्म में सजा:** जुलाई 2026 में सीआईडी के तत्कालीन एआईजी अनिल मिश्रा को जयपुर की अदालत ने तस्करी के आरोपी की पत्नी से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई.

■ **डकैती:** अक्टूबर 2025 में सिवनी की एसडीओपी पूजा पांडे ने हवाला कारोबारी से 2.96 करोड़ रुपए जब्त किए. रिकॉर्ड में केवल 1.45 करोड़ रुपए दर्शाए. डकैती में गिरफ्तार हुईं.

■ **रिश्वत:** मार्च 2025 में भोपाल के ऐशबाग थाना प्रभारी टीआई जितेंद्र गढ़वाल पर साइबर ठगी के कॉल सेंटर संचालक से 5 लाख की रिश्वत मामले में एफआईआर हुई. जमानत पर हैं, जांच जारी है.

■ **पॉकेट गवाह:** अगस्त 2026 में पॉकेट गवाह विवाद में विभागीय जांच पूरी होने के बाद तत्कालीन खजराना, इंदौर थाना प्रभारी दिनेश वर्मा को इंस्पेक्टर पद से पदावनत कर एसआई बना दिया गया.

### एक्सपर्ट व्यू
### अरुण गुर्टू, पूर्व डीजीपी



**सवाल:** क्या मौजूदा निगरानी तंत्र वर्दी के भीतर के अपराध को रोकने में विफल हो रहा है?
**जवाब:** निगरानी तंत्र पूरी तरह विफल नहीं है, लेकिन उसमें सुधार की जरूरत है. केवल वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी पर्याप्त नहीं है. शिकायतों की स्वतंत्र जांच, पुलिसकर्मियों के आचरण की समय-समय पर समीक्षा जरूरी है.
**सवाल:** पद के दुरुपयोग के मामलों में निलंबन और स्वतंत्र जांच अनिवार्य होनी चाहिए?
**जवाब:** गंभीर आरोपों में निष्पक्ष जांच प्रभावित न हो, इसके लिए आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल उस पद या जिम्मेदारी से हटाना उचित है.
**सवाल:** जनता का भरोसा कैसे कायम रखेंगे?
**जवाब:** भरोसा केवल बयान देने से नहीं, बल्कि कार्रवाई से वापस आता है. पुलिस को शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शी जांच और दोषी पाए जाने पर बिना भेदभाव कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी.
**सवाल:** संस्थागत बदलाव की क्या जरूरत है?
**जवाब:** सबसे बड़ा बदलाव पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही और पेशेवर स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करना होगा. तबादले और पदस्थापन में पारदर्शिता, शिकायतों की स्वतंत्र जांच हो. पुलिसकर्मी को यह स्पष्ट संदेश मिलना चाहिए कि वर्दी उसे कानून से ऊपर नहीं, बल्कि कानून के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाती है.

**गीता भी नहीं सिखा पाई ईमानदारी:** नवंबर में तत्कालीन अति. पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह ने राज्य के सभी आठ प्रशिक्षण विद्यालयों में प्रशिक्षित होने वाले पुलिसकर्मियों के लिए भगवद्गीता पाठ का निर्देश दिया था. लेकिन इसका अपेक्षित असर नजर नहीं आ रहा.

# 21 बच्चों की मौत पर जागे अफसर

## बालाघाट के कुपोषण प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची डॉक्टरों की टीम

नवभारत न्यूज

**बालाघाट, 21 अगस्त. जिले के बैहर और बिरसा विकास खंड में मीजल्स रूबेला नामक बीमारी से काल के गाल में समा गए 21 बच्चों की मौत के बाद जागे प्रशासनिक अमले ने अब मौके पर ही अस्थाई अस्पताल खोल लिया है.**



स्वास्थ्य विभाग की बड़ी टीम घर-घर सर्वे कर रही है, प्रदेश सरकार के मंत्रियों के दौर शुरू हो गए हैं. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन हालातों के बीच बड़ा सवाल बरकरार है कि प्रशासन को महीनों पहले इसकी भनक लग गई थी लेकिन जुलाई तक कोई कदम नहीं उठाए गए. परिणाम स्वरुप 23 जुलाई के बाद अलग-अलग क्षेत्र से बैगा आदिवासियों की बच्चों की मौत की खबरें बाहर आने लगीं. अब प्रभावित ग्रामों में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा निरंतर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा रहा है. अब तक 3,527 लोगों का घर-घर स्वास्थ्य परीक्षण किया है.

### मंत्री भी पहुंचने लगे बिरसा-बैहर विकासखंड

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को जिले के बिठली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती बच्चों एवं अन्य मरीजों का हाल जाना तथा उनके परिजनों से चर्चा की. परिजनों को आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से उपचार एवं आवश्यकताओं के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ और बेड की संख्या बढ़ाने के साथ मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

# शक्कर कारखाना आंदोलन में विपक्ष भी साथ

## 6 दिन से अनशन पर बैठे विधायक पंकज उपाध्याय से मिलने पहुंचे जीतू पटवारी

विशेष संवाददाता

**मुरैना, 21 अगस्त. कैलारस सहकारी शक्कर कारखाने के पुनर्जीवन और पुनः संचालन की मांग को लेकर जौरा विधायक पंकज उपाध्याय द्वारा 15 अगस्त से किए जा रहे आमरण अनशन को शुक्रवार को विपक्षी दलों का समर्थन मिला.**



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी अनशन स्थल पर पहुंचे और किसानों तथा विधायक के संघर्ष के प्रति एकजुटता व्यक्त की. कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फोन पर पंकज उपाध्याय से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. इस दौरान जीतू पटवारी ने राहुल गांधी से किसानों के आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उपाध्याय से फोन पर चर्चा कर आंदोलन को समर्थन दिया. अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार किसान विरोधी है और शक्कर कारखानों के बंद होने से चीनी का उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे कीमतों में वृद्धि हो रही है. उन्होंने किसानों को समाजवादी पार्टी के समर्थन का भरोसा दिलाया.

पटवारी ने कहा कि पंकज उपाध्याय सात दिनों से अनशन पर हैं और कारखाने पर निर्भर किसान परिवारों की आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं.

### मिल फिर शुरू करने की तैयारी

**भोपाल.** मुरैना जिले में स्थित कैलारस शुगर मिल को एक बार फिर शुरू करने की तैयारी है. राज्य सरकार ने शुक्रवार को मिल के संचालन के लिए इच्छुक और पात्र पक्षों से रूचि की अभिव्यक्ति यानी ईओआई आमंत्रित की है. आयुक्त एमएसएमई के माध्यम से ही ये ईओआई जारी किया गया है. दरअसल राज्य सरकार ने पिछले वर्ष 19 अगस्त 2025 को कैबिनेट में निर्णय पारित कर कैलारस शुगर मिल की जमीन को एमएसएमई विभाग को हस्तांतरित कर दिया था. राज्य सरकार का तर्क था कि यहां रोजगार और स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा.

### एक नजर में




#### फास्ट फूड व्यवसायी से 20 लाख की ठगी

**रतलाम.** डायमंड कारोबार में निवेश कर रकम दोगुनी करने का लालच देकर फास्ट फूड व्यवसायी से करीब 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोपी ने पहले कुछ रकम लौटाकर व्यवसायी का भरोसा जीता, फिर उससे और परिजनों के खातों से ऑनलाइन करीब 20 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए. रकम मांगने पर कारोबार में घाटा होने का हवाला देकर टालता रहा. शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



#### रिटायर्ड इंजीनियर का फोन हैक कर 5.37 लाख ठगे

**ग्वालियर.** दीनदयाल नगर में साइबर ठगों ने रिटायर्ड इंजीनियर प्रेम सिंह नरवरिया के फोन और बैंक खाते में सेंध लगाकर 5.37 लाख रुपए ठग लिए. ठगी की शुरुआत क्रेडिट कार्ड से हुई और बाद में ठगों ने बैंक खाते की मेल आईडी बदलकर फर्जी व्यक्ति को बेनेफिशरी बना दिया. पीड़ित ने जब बैंक से नकदी निकालने की बात कही तो कर्मचारी की सलाह पर 3 लाख रुपए की एफडी कराई.

# रसोई में कॉकरोच-चूहे, सयाजी की किचन-बेकरी सील

▶ फंगस लगी मूंगफली और सड़े आलू मिले

▶ 66 किलो नॉनवेज बिना लेबल के मिला

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 21 अगस्त. शहर की प्रसिद्ध सयाजी होटल में खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं. फूड स्टोरेज में चूहे और किचन व फूड प्रिपरेशन एरिया में कॉकरोच मिले.**





करीब 66 किलो नॉनवेज सामग्री बिना उचित पैकिंग और लेबलिंग के रखी मिली. कार्रवाई के बाद शुक्रवार को होटल का किचन और बेकरी सील कर दिया गया. खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी की टीम ने करीब पांच घंटे तक होटल का निरीक्षण किया. स्टोरेज में चूहों की मौजूदगी के संकेत मिले, जबकि किचन और फूड प्रिपरेशन प्लेटफॉर्म पर कॉकरोच और गंदगी मिली. ड्राय स्टोरेज की दीवार और फर्श में दरारें थीं. गीले और सूखे कचरे के लिए अलग व्यवस्था भी नहीं मिली. स्टोरेज में वेज और नॉनवेज सामग्री एक साथ रखी मिली. सी-फूड, चिकन और मटन के लिए अलग स्टोरेज नहीं था. एक फ्रीजर का तापमान 20 डिग्री और दूसरे का माइनस 16 डिग्री पाया गया, जबकि नॉनवेज के सुरक्षित भंडारण के लिए माइनस 18 डिग्री तापमान जरूरी है. 33 नॉनवेज पैकेट पर पैकेजिंग डेट, बैच नंबर और एक्सपायरी डेट भी दर्ज नहीं थी. स्टोर में सड़े टमाटर और आलू मिले. उबले आलू पर एक्सपायरी डेट की टैगिंग मिली.

### लाइसेंस भी गड़बड़

होटल के लाइसेंस में नॉनवेज, बेकरी और स्वीट्स निर्माण का उल्लेख नहीं मिला, जबकि होटल में इनका इस्तेमाल और निर्माण किया जा रहा था. निरीक्षण के दौरान केंद्रीय एफएसएसएआई फाइव स्टार लाइसेंस भी मौके पर उपलब्ध नहीं मिला. खाद्य विभाग ने पनीर, कच्चे नॉनवेज, पैक्ड पनीर, सौंफ, मसाले और ड्रायफ्रूट्स समेत कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं. लैब से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# ग्वालियर, सतना ननि में नए आयुक्त

■ भोपाल और इंदौर नगर निगम में भी नए अपर आयुक्त पदस्थ ■ 32 आईएएस के तबादले

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 अगस्त. राज्य सरकार ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 32 अधिकारियों के तबादले किए हैं. ताजा फेरबदल में 10 जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बदल दिए हैं.**

इधर ग्वालियर और सतना नगर पालिक निगम में नए आयुक्त की पदस्थापना की गई है. ग्वालियर के मौजूदा आयुक्त संघप्रिय को हटाकर अब अभिषेक चौधरी को ग्वालियर नपानि आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है, दरअसल पिछले दिनों ग्वालियर में आयुक्त और पार्षदों के बीच विवाद ने सुर्खियां बटोरी थीं. पार्षदों ने इसकी शिकायत भी की थी. इस विवाद के चलते संघप्रिय की यहां से विदाई हो गई है. वहीं सतना में डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा को आयुक्त नपानि सतना की कमान सौंपी गई है. इसी तरह वर्ष 2022 बैच के आईएएस आशीष को अपर आयुक्त नगर निगम इंदौर तो वहीं वर्ष 2018 बैच के अक्षय कुमार तेम्रवाल को अपर आयुक्त भोपाल नगर निगम पदस्थ किया गया है.

इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे के दिन ही टीकमगढ़ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार धुर्वे का तबादला कर दिया गया है, उन्हें अब देवास भेजा गया है. सृष्टि देशमुख गौड़ा को सीईओ जिला पंचायत रीवा पदस्थ किया गया है, दरअसल डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा की सतना नगर निगम में पदस्थापना की गई है. दोनों ही पति-पत्नी है, इसलिए उन्हें पड़ोस के जिले में जिम्मेदारी दी गई है.

इधर बालाघाट जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सराफ को हटा दिया गया है, उन्हें अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास की जिम्मेदारी दी गई है.

# 30 कछुओं की बरामदगी से उठे सवाल

▶ इंदौर में कहां से आ रहे दुर्लभ कछुए, कौन हैं खरीदार?

▶ मोबाइल और पूछताछ से खुलेगा राज

### स्टार टॉर्टोइज समेत तीन संरक्षित प्रजातियां मिलने के बाद अब अंतर्राज्यीय तस्करी की अगली कड़ी पर वन विभाग की टिकी नजरें

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 21 अगस्त. स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की कार्रवाई में 30 दुर्लभ कछुए मिलने के बाद जांच अब गिरफ्तार दो आरोपियों तक सीमित नहीं है.**



वन विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि संरक्षित प्रजातियों के ये कछुए इंदौर तक किस रास्ते पहुंचे और इनके पीछे कौन लोग हैं. तीन मोबाइल फोन से मिलने वाली जानकारी इस कड़ी को जोड़ने में अहम मानी जा रही है. मूसाखेड़ी से पकड़े गए रोहन गौड़ और केशव शर्मा के पास से बुधवार को 14 इंडियन स्टार टॉर्टोइज, 10 इंडियन रूफ्ड टर्टल और छह स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल मिले थे. तीनों ही प्रजातियां संरक्षित हैं. अलग अलग प्रजातियों के कछुए मिलने के बाद वन विभाग अब इनके स्रोत से लेकर संभावित खरीदार तक की जानकारी जुटा रहा है. जांच में सबसे पहले यह पता लगाया जा रहा है कि दोनों आरोपियों ने कछुए किन लोगों से लिए थे. इसके लिए जब्त किए तीन मोबाइल फोन की कॉल हिस्ट्री और अन्य उपलब्ध डिजिटल जानकारी खंगाली जा रही है. पूछताछ में अंतरराज्यीय कनेक्शन की जानकारी भी सामने आई है.

# भारी बारिश विंध्य में हाहाकार, कई नदियां उफान पर

**16** जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

**150** गांव हुए प्रभावित

**भोपाल, 21 अगस्त. मध्यप्रदेश में मानसून की सक्रियता से पूर्वी हिस्से में बारिश ने जोर पकड़ लिया है. नर्मदा, मंदाकिनी, बीहर और बिछिया समेत कई नदियां उफान पर हैं.**




रीवा में 24 घंटे में 187 मिमी बारिश दर्ज हुई, जिससे 150 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए और करीब 2200 लोगों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया. हालांकि 35 घंटे से बारिश थमने और धूप निकलने से अब हालात में सुधार के संकेत हैं.

चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का पानी बाजार तक पहुंच गया, जबकि डिंडोरी-मंडला मार्ग पर खरमेर नदी का पानी पुल के ऊपर आने से आवागमन बंद करना पड़ा. मंडला में नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से छोटा पुल डूब गया.

प्रदेश में अब तक करीब 599 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो सामान्य से लगभग 11 प्रतिशत कम है. हालांकि आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां मध्य और पश्चिमी मध्यप्रदेश की ओर बढ़ने की संभावना है.

मऊगंज में अष्टभुजा नदी का पानी घरों में घुस गया. जबलपुर के बरगी बांध के 13 गेट खोले गए हैं.

रीवा कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, एसपी डॉ. गुरकरन सिंह और विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने नाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने राहत केंद्रों का निरीक्षण कर भोजन, पेयजल और दवाइयों की व्यवस्था के निर्देश दिए.

**जनविश्वास** ▶ टीकमगढ़ में सीएम ने मौके पर लोगों की समस्याएं सुनीं और किया निराकरण

# लापरवाही बरतने पर जिला पंजीयक सहकारिता निलंबित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जन विश्वास अभियान के तहत टीकमगढ़ में सीएम हेल्पलाइन में नागरिकों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका निराकरण किया.**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला पंजीयक सहकारिता एसके. कौशिक को निलंबित करने के निर्देश दिये. दयाराम लोधी ने उनकी मां श्रीमती रानीबाई की मृत्यु होने पर सहकारी बैंक की मवई शाखा द्वारा नॉमिनी के खाते में राशि अंतरित नहीं किये जाने पर शिकायत की थी. डॉ. यादव ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंजीयक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को टीकमगढ़ में नागरिकों की समस्याओं को सुना और निराकरण भी किया. उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी सतत रूप से फील्ड भ्रमण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लें. स्थानीय स्तर पर जनता की शिकायतों का समय सीमा में प्रभावी निराकरण किया जाये. क्षेत्र विशेष में मिलने वाली शिकायतों का भी समुचित निराकरण सुनिश्चित हो.

### मुख्यमंत्री ने की सीधी बात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश प्रसाद लोधी, कमलेश नामूलिया, दयाराम लोधी, कालीचरण सिंह राजपूत और हरिराम विश्वकर्मा से सीधे बात कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संबद्ध निराकरण के लिए मुख्यमंत्री ने आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए. उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी, जबकि उत्कृष्ट कार्य पर शासकीय सेवक सम्मानित किए जाएंगे. डॉ. यादव ने मौके पर जिले में विभिन्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों के वास्तविक स्थान पर संचालन के लिए आवश्यक कार्रवाई पर भी चर्चा हुई.


### महिला पटवारी को जान से मारने की धमकी

**भिण्ड.** जिले के लहार अनुभाग के रौन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बौहारा में शासकीय कार्य कर रही महिला पटवारी के साथ दो युवकों द्वारा अभद्रता, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है. पटवारी का आरोप है कि दोनों युवक नशे की हालत में पंचायत भवन पहुंचे और सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शासकीय दस्तावेज टेबल से नीचे फेंक दिए. मिहोना तहसील में पदस्थ पटवारी संध्या प्रजापति कार्यरत हैं. कल 20 अगस्त को तहसीलदार के आदेश के पालन में वह ग्राम पंचायत भवन में सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शासकीय कार्य कर रही थीं. इसी दौरान गांव के बिरखे और परम सिंह कुशवाह वहां पहुंचे.

# नेताओं ने बिगाड़ी जाति व्यवस्था : तोमर

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 21 अगस्त. मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने जाति व्यवस्था को लेकर नेताओं पर ही सवाल खड़े कर दिए. मुरैना में संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जाति का बंधन भगवान ने नहीं बनाया, बल्कि समाज ने अपनी व्यवस्था के लिए इसे बनाया.**



मुरैना में संत रविदास जयंती कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- स्वार्थ और तुष्टिकरण के लिए नेताओं ने किया इस्तेमाल

उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था को बिगाड़ने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का काम नेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए किया है.

तोमर ने कहा कि यह बात सभी लोग अच्छी तरह जानते हैं. उनके बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है. सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसे नेताओं की राजनीति पर सीधी टिप्पणी बताते हुए चुटकी भी ले रहे हैं. लोगों का कहना है कि जाति के नाम पर विभाजन के बजाय समाज में आपसी प्रेम और एकता को बढ़ावा मिलना चाहिए.

### ट्रेन में सफर, वहीं बना मंच

तोमर ने कैलारस से वीरपुर के बीच हाल ही में शुरू हुई मेमो ट्रेन में आम यात्रियों के साथ सफर भी किया. ट्रेन के विभिन्न स्टेशनों पर रुकने के दौरान उन्होंने ट्रेन से ही लोगों को संबोधित किया. इसका वीडियो भी सामने आया है. इस पर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं. कुछ लोगों ने कहा कि नेताओं को मंच और माइक मिलते ही वे कहीं भी सभा शुरू कर देते हैं.